






# बेला बाईपास में 15 किलो मीटर तक 15 घंटे लगा रहा महाजाम

## हजारों वाहन फंसे जाम में, बीहर नदी में पुल बंद होने से हो रही परेशानी, रीवा-सतना पुलिस ने खुलवाया जाम




**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 अप्रैल, रीवा-रतहरा बाईपास में बीहर नदी के ऊपर बने पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के चलते पिछले कई दिनो से जाम की स्थित निर्मित हो रही है. बुधवार की रात बेला बाईपास एवं उससे जुड़े मार्गो में जाम लग गया. जिसके चलते 15 किलो मीटर तक जाम लग गया.**

मैहर एवं गोविंदगढ़ मार्ग में 15 घंटे तक जाम लगा रहा और पुलिस एवं प्रशासन की बड़ी मसक्कत के बाद दोपहर जाम खोला गया, तब जाकर वाहन चालक और प्रशासन ने राहत की सांस ली. सतना मार्ग में भी भारी वाहनो का जाम रहा. लेकिन सबसे ज्यादा जाम मैहर नेशनल हाइवे 30 पर था. दरअसल बीहर नदी में बने पुल का मरम्म कार्य किया जा रहा है जिसके कारण आवागमन प्रभावित हुआ है. रात 9 बजे बेला बाईपास एवं उससे जुड़े मार्ग में जाम लगना शुरू हुआ और धीरे-धीरे 15 किलो मीटर तक जाम सुबह तक लग गया. भारी वाहन रात भर सड़को पर ही फसे रहे. सुबह उम्मीद थी कि जाम खुल जाएगा लेकिन ऐसा नही हुआ. प्रशासन ने ट्रैफिक डायवर्जन किया है फिर भी जाम लग रहा है.

सुबह 10 बजे तक हालत खराब हो गये, सतना, रीवा पुलिस और प्रशासन जाम खुलवाने सड़क पर उतरी और काफी मसक्कत के बाद किसी तरह धीरे-धीरे जाम खुलना शुरू हुआ. पुल के मरम्मत के चलते 30 अप्रैल तक भारी वाहनो का प्रवेश पूरी तरह से रोक दिया गया जिसके चलते आवागमन प्रभावित हो रहा है. तीन घंटे तक जाम हटाने में समय लगा. दोपहर 1 बजे के बाद धीरे-धीरे जाम कम होने लगा और आवागमन बहाल हुआ.

### भूखे-प्यासे रहे ट्रक चालक

रात को जाम लगने के कारण हजारो ट्रक फस गये. रात भर भूखे-प्यासे ट्रक चालक जाम में फसे रहे. अपने ट्रको को छोड़कर कही जा नही सकते थे और जाम खुलने का रात भर इंतजार करते रहे. उम्मीद थी कि सुबह तक जाम खुल जाएगा लेकिन जाम सुबह भी नही खुला, एक चाय के लिये चालक तरसते रहे. ट्रक के अलावा अन्य वाहन भी जाम में फसे रहे और 15 घंटे तक मुसीबत का सामना करना पड़ा.

### कलेक्टर ने क्षतिग्रस्त पुल का किया निरीक्षण

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने रीवा बायपास मार्ग में बीहर नदी पर पुराने पुल के गर्डर में दरार आने और पियरकैप क्षतिग्रस्त होने के स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पुल का मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करायें. उन्होंने कहा कि पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहन वैकल्पिक मार्ग से निकल रहे हैं जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है. उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू व सुरक्षित रखने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया. कलेक्टर ने बायपास से लेकर बेला तक के मार्ग का भी निरीक्षण किया. उन्होंने बेला पुलिस चौकी में बैठक लेकर वाहनों के परिवर्तित मार्ग के विकल्पों पर चर्चा की.



# गर्म हवाओं और तेज तपन के साथ तापमान पहुंचा 41 डिग्री

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 अप्रैल, प्रदेश के साथ-साथ समूचे रीवा और मऊगंज में आसमान से आग बरस रही है. तेज धूप के साथ तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया है. दिन भर तेज धूप और गर्म हवाए चलती रही. आने वाले दो दिन बाद तापमान और बढ़ेगा, साथ ही लू चलने की संभावना है. सुबह 7 बजे से ही तेज धूप शुरू हो जाती है.**

तेज धूप और गर्मी के चलते सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली छात्रों को हो रही है. सतना जिले में जहा गर्मी को देखते हुए स्कूल खुलने के समय बदले गये है वही अभी रीवा-मऊगंज में कोई परिवर्तन नही किया गया. गौरतलब है कि बुधवार को तापमान 41 डिग्री पर रहा तो वही दूसरे दिन गुरूवार को 40.4 डिग्री आका गया. जबकि रात का न्यूनतम तापमान बढ़कर 21 डिग्री पहुंच गया है. दोपहर सबसे ज्यादा चुभने वाली गर्मी रहती है और शाम ढ़लते ही गर्मी से राहत मिलने लगती है. दोपहर गर्मी के कारण सड़को पर सन्नाटा देखने को मिलता है. एक सप्ताह बाद तापमान 42 डिग्री के ऊपर पहुंचेगा, साथ ही लू भी चलेगी. इस बार गर्मी अपना असर दिखाएगी. दोपहर 12 बजे से लेकर 03 बजे तक सबसे ज्यादा धूप रहती है, उसके बाद धूप का असर कम हो जाता है.

इस गर्मी के सीजन का पहली बार 41 डिग्री तापमान बुधवार को पहुंचा था. लेकिन 24 घंटे में थोड़ी सी तापमान में गिरावट आई है. रात में गर्मी का असर अभी कम है लेकिन जैसे ही तापमान 25 डिग्री के ऊपर पहुंचेगा तो रात में भी गर्मी का असर रहेगा. स्कूली छात्रों के समय में बदलाव होना चाहिये सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चो को हो रही है.

## संक्षिप्त

### मुख्यमंत्री आज करेंगे वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा


**रीवा**. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान एवं संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करेंगे. बैठक 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा संबंधित अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए हैं.

### पीएनजी गैस कनेक्शन के लिए जागरूकता शिविर

**रीवा**. घरों में खाना पकाने के लिए सिलेण्डर से मिलने वाली एलपीजी गैस का उपयोग किया जाता है. इसके बेहतर विकल्प के रूप में पीएनजी यानि पाइप्ड नेचुरल गैस के कनेक्शन रीवा शहर के कई मोहल्लों में दिये जा रहे हैं. पीएनजी गैस कनेक्शन लेने के बाद सिलेण्डर लेने की परेशानी समाप्त हो जाती है. पीएनजी गैस पूरी तरह से सुरक्षित है. पीएनजी गैस कनेक्शन देने के लिए रीवा शहर में विभिन्न मोहल्लों मे जागरूकता शिविर लगाये जा रहे हैं. इन शिविरों के लिए प्रभारी अधिकारी तैनात किये गये हैं. इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि जागरूकता शिविर के लिए पीएनजी गैस कनेक्शन देने वाली कंपनी के प्रतिनिधि युवराज यादव, विकास कुशवाहा तथा सचिन मिश्रा को तैनात किया गया है. नगर निगम के वार्ड प्रभारी शिविरों के लिए नोडल अधिकारी बनाये गये हैं. जागरूकता शिविर 17 अप्रैल को गायत्री नगर, 18 अप्रैल को तिलक नगर तथा 20 अप्रैल को अनंतपुर में लगाये जा रहे हैं.

### छात्र शिवांशु चतुर्वेदी ने बनाया कीर्तिमान

**मऊगंज**. कौन कहता है कि, आसमान में छिद्र नहीं होता, बस तबीयत से एक पत्थर तो उछालो यारो'' उक्त कथन को संदीपनी विद्यालय मऊगंज के कक्षा 12वीं के छात्र शिवांशु द्विवेदी ने चरितार्थ कर दिया.



वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं में म.प्र. टाप-10 में स्थान हासिल करने वाले शिवांशु द्विवेदी ने इस वर्ष 12वीं की परीक्षा मे 500 में से कुल 476 अंक (95.1 प्रतिशत) हासिल कर अपने घर-परिवार को गौरवान्वित किया. शिवांशु द्विवेदी के बाबा विद्याधर शर्मा रिटायर्ड शिक्षक हैं एवं पिता संतोष कुमार द्विवेदी शा.उ.मा.वि. पहाड़ी मऊगंज में शिक्षक पद पर सेवारत हैं. माता सविता द्विवेदी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं. शिवांशु की इस सफलता से सभी परिजन गौरवान्वित हैं एवं उनके उत्तरोत्तर सफलता हेतु भगवान से कामना की है, क्योंकि उक्त बच्चे ने विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हांसिल की है. शिवाशुं द्विवेदी ने बताया कि, उसकी इस सफलता में उसकी बड़ी बहन शिवांजली द्विवेदी, शिक्षकगण एवं प्राचार्य संदीपनी विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है.

### सरस्वती ज्ञान मंदिर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मऊगंज**. सरस्वती ज्ञान मंदिर उ0मा0वि0 देवतालाब मऊगंज का 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा. कक्षा 10वीं में वैष्णवी मिश्रा ने 97 प्रतिशत, अंकिता साकेत 96 प्रतिशत, आलेख गुप्ता 96 प्रतिशत, लक्ष्मी सुमन श्रीवास्तव, एकांकी केशरवानी 95 प्रतिशत, रजनीश पटेल 95 प्रतिशत, अजीत गुप्ता 93 प्रतिशत, रिया गुप्ता 91 प्रतिशत, दिव्यांशी पटेल 92 प्रतिशत, अर्पित सतनामी 92 प्रतिशत, श्रेया गुप्ता 92 प्रतिशत, अंजली मिश्रा 90 प्रतिशत, अर्पिता पटेल 90 प्रतिशत, शीतल मिश्रा 90 प्रतिशत, राज तिवारी 89 प्रतिशत, व संजना त्रिपाठी 90 प्रतिशत, कुल परीक्षा में सम्मिलित छात्र 220 में से 25 छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंको से उत्तीर्ण हुये व 70 छात्र 80 प्रतिशत से अधिक अंको के साथ उत्तीर्ण हुये. वहीं कक्षा 12वीं में शबनम पटेल 91 प्रतिशत, रीतिका मिश्रा 90 प्रतिशत सहित कुल परीक्षा में सम्मिलित 164 छात्र मे से 85 प्रतिशत से अधिक परिणाम प्राप्त किये. छात्रों की इस सफलता पर प्रिंसिपट आनन्द पटेल ने कहा कि आशान्वित हैं कि परीश्रम का फल मीठा होता है और अच्छी मेहनत करें तो भविष्य में और अच्छा मुकान हासिल कर सकते हैं.

### सांई मंदिर के सामने देर रात दो युवकों में जमकर मारपीट

**रीवा**. रीवा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सांई मंदिर के सामने दो युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई. इस दौरान एक युवक ने दूसरे पर डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया. घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस ने मामले को शांत कराया और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा. वही इस पूरी घटना का वीडियो भी अब सोशल साइट पर वायरल हो रहा है. बताया गया है कि सांई मंदिर के सामने ठेला लगाने वाले युवक का अमहीया मोहल्ला निवासी दूसरे युवक से पुराना विवाद चल रहा था. जिसके चलते अमहिया मोहल्ला निवासी युवक अपने दो साथियों के साथ ठेला व्यापारी से मारपीट करने पहुंचा था. इस दौरान दोनों युवक उसे मौके पर ही छोड़कर भाग गए इसके बाद नशे की हालत में युवक ने ठेले में रखा सामान सड़क पर फेंक दिया और तोड़फोड़ करने लगा. इसी बात से गुस्साए ठेला व्यापारी ने युवक पर डंडे से हमला कर दिया जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा. बीती देर रात बीच सड़क हुई इस वारदात के बाद तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

# जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में 74 अभ्यार्थी मैदान में

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 अप्रैल, जिला अधिवक्ता संघ निर्वाचन वर्ष 2026 के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूर्यनाथ पाण्डेय ने बताया कि गुरूवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्रो की जाच की गई.**

सभी 74 नामांकन पत्र सही वैध पाये गए दोपहर 2 बजे शायं 4:30 बजे तक नामांकन पत्रो के वापसी का समय था कोई भी नामांकन पत्र वापस नहीं हुए है. आज शायं 5:30 बजे अभ्यार्थियों के नामों की घोषणा की गई और नामो की सूचना पदवार नोटिस बोर्ड पुराने न्यायालय भवन एवं नए न्यायालय भवन में चस्पा कराई गई. अध्यक्ष पद हेतु अशोक कुमार शुक्ला, बीरेन्द्र द्विवेदी, बृजेन्द्र सिंह, देवी शंकर ओझा, ध्रुव नारायण शुक्ला, कामता प्रसाद तिवारी, नीरज वर्मा, प्रभात कुमार मिश्रा, राजेन्द्र पाण्डेय, संतोष कुमार अवधिया, संतोष कुमार द्विवेदी, विजय विक्रम सिंह अध्यक्ष पद में कुल 12 अभ्यार्थी है. उपाध्यक्ष पद हेतु 8 अभ्यार्थी है. सचिव पद हेतु 10 अभ्यार्थी है, सह सचिव पद हेतु 12 अभ्यार्थी है, कोषाध्यक्ष पद हेतु 4 अभ्यार्थी है. ग्रन्थपाल पद हेतु 9 अभ्यार्थी है. कार्यकारिणी पद हेतु 19 अभ्यार्थी है चुनाव में है. जिला निर्वाचन समिति द्वारा निर्वाचन में सुचिता एवं गरिमा बनाए रखने हेतु कुछ निर्देश जारी किये गए है, जिसका पालन किये जाने की अपील की गई है.




# आयुष कर्मचारियों की समस्या को लेकर डिप्टी कमिश्नर से मिला प्रतिनिधि मंडल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 अप्रैल, वर्षों से लंबित आयुष कर्मचारी की जायज मांग को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने संभाग आयुक्त कार्यालय में डिप्टी कमिश्नर से मुलाकात कर समस्याओं के संबंध में ज्ञापन पत्र सौंपा.**

ज्ञापन में नव नियुक्त आयुष कर्मचारियों का 70, 80, 90 प्रतिशत समाप्त कर नियुक्ति दिनांक से 100 प्रतिशत का लाभ दिलाया जाये. कम्पाउण्डर को 20 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर सहायक चिकित्सा अधिकारी बनाया जाये. महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को वरिष्ठ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में किया जाये. फार्मासिस्ट प्रशिक्षित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं दवाबाज के प्रमोशन का रास्ता साफ किया जाये. एन. पी.एस. को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाल किया जाये. आयुष महाविद्यालय के स्टाफ नर्स को एलोपैथ के समान नर्सिंग ऑफिसर पद पर किया जाये. पी. टी. एस. को फुलटाइम किया जाये. आउट सोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जाये. रीवा आयुर्वेद महाविद्यालय के स्वाशासी कर्मचारियों को स्थाई किया जाये. ज्ञापन सौपने में कृष्ण निधि शुक्ला, रेवा शंकर बांके, राम चंद्र सोनकर, विजय शंकर तिवारी, विश्वामोहन द्विवेदी, प्रमोद शुक्ला, अजय द्विवेदी, लीला बती कुशवाहा, आयुष वर्मा, अमर नाथ मौजूद रहे.

# विद्युत शॉर्ट सर्किट से खलिहान में लगी आग

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 अप्रैल, मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरिगवा में विद्युत तार के बीच हुई शॉर्ट सर्किट से भीषण अगजनी की घटना हो गई.**

इस दौरान खलिहान में रखी गेहूं की फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गई. स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी फसल जलकर राख हो गई. घटना के संबंध में सुदामा पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव के खलिहान में उन्होंने अपनी गेहूं की फसल काटकर गहाई करने के लिए रखी थी.

उन्होंने बताया कि खलिहान के पास से ही 11000 केवी विद्युत का तार निकला हुआ है. सुभाष के मुताबिक पीपल के पेड़ की डगाल टूट कर तारों में गिरी जिससे निकली चिंगारी खलिहान में रखी गेहूं की फसल में जा गिरी जिससे आग लग गई और देखते ही देखते पूरी फसल जलकर राख हो गई. किसानों को बेहद नुकसान हुआ है.




बाईपास में बीहर नदी पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी

# नवागत एडी ने सम्भाला पदभार, सभी प्राचार्यों की ली बैठक

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 अप्रैल, शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ महेंद्रमणि द्विवेदी को अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय रीवा का प्रभार सौपा गया है. इस बाबत उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव वीरन सिंह भलावी ने बुधवार को आदेश जारी कर दिए हैं.**

आदेश के मुताबिक इतिहास विषय के प्राध्यापक डॉ द्विवेदी को बतौर एडी रीवा आहरण एवं संवितरण का अधिकार भी दे दिया गया है. डा.



द्विवेदी ने विधिवत कार्यभार भी बुधवार को सम्भाल लिया और दूसरे दिन समस्त प्राचार्यो की आनलाइन बैठक ली. जिसमें शैक्षणिक योजनाओं की समीक्षा के साथ सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिये जोर दिया. नवागत एडी ने डा. द्विवेदी ने बताया कि शासन की मंशानुसार काम करेगें और शासन योजनाओं का लाभ छात्रों को मिले, साथ ही महाविद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण रहे और नियमित रूप से पढ़ाई हो यह उनकी प्राथमिकताओं में है. डा. द्विवेदी अनुशासन के पक्के और सरल स्वभाव के है. निश्चित रूप से शैक्षणिक सुधार होगा.

# पेयजल पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त करने वालों पर लगाएं भारी जुर्माना : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 अप्रैल, उप मुख्ध्यमंत्रीराजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में रीवा नगर निगम के कार्यों की समीक्षा की. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा शहर का तेजी से विकास हो रहा है. लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क, पानी, नाली और पेयजल व्यवस्थाओं में तेजी से विस्तार किया जा रहा है. शहर में निर्माण कार्य समन्वय से करें.**

पेयजल की पाइपलाइन और सीवरेज लाइन निर्माण की कठिनाईयों को समन्वय से दूर करें. हर घर को पर्याप्त और साफ पानी देना आवश्यक है. निर्माण कार्यों के कारण यदि पेयजल की पाइपललाइन क्षतिग्रस्त होती है तो संबंधित पर भारी जुर्माना लगाएं. शहर में निर्माण कार्य करने वाले विभिन्न विभाग और निर्माण एजेंसियाँ, नगर निगम तथा अन्य एजेंसियों से समन्वय बनाकर निर्माण कार्य करें जिससे पूर्व से निर्मित संरचनाओं को किसी तरह का नुकसान न हो. उप



मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत-2 योजना से निर्माणाधीन टंकियों और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का शीघ्र लोकार्पण कराएं. इनसे शहर के कई मोहल्लों में मीठे पानी की आपूर्ति हो सकेगी. सीवरेज लाइन के शेष बचे लगभग सौ किलोमीटर निर्माण कार्य को तय समय से पूरा कराएं. जयंती कुंज सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से 13900 घरों के सीवरेज का ट्रीटमेंट होगा. इसके सुधार का कार्य शीघ्र शुरू कराएं. जयंती कुंज सहित बाबा घाट, बिछिया और विवेकानंद वार्ड में निर्मित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों का शीघ्र लोकार्पण कराएं. शहर को साफ-सुथरा रखने और पर्यावरण की समुचित सुरक्षा के लिए यह आवश्यक है. बैठक में निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि रीवा में 363 किलोमीटर सीवर लाइन का निर्माण किया जाना है. इनमें से 252 किलोमीटर लाइन का निर्माण पूरा हो गया है. ढेकहा, रतहरा रोड, पीटीएस और बाजार में निर्माण कार्य शेष है. बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि नगर के निर्माण कार्यो तथा पेयजल व्यवस्था की हर सप्ताह टीएल बैठक में समीक्षा की जाएगी. कठिनाई होने पर संबंधित अधिकारी और निर्माण एजेंसी अवगत कराएं.

### विद्यार्थियों को मिलेगी सौ सीटर छात्रावास की सुविधा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पॉलिटेक्निक कालेज के विद्यार्थियों के लिए सौ सीटर छात्रावास निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है. छात्राओं के लिए कालेज परिसर तथा छात्रों के लिए राजस्व अधिकारी द्वारा निराला नगर में चिन्हित जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कराएं. इसके साथ-साथ पॉलिटेक्निक कालेज को 144 लाख रुपए की लागत से स्पोर्ट्स काम्पलेक्स निर्माण की भी मंजूरी दी गई है. तकनीकी अधिकारी स्वीकृत कार्यों को तत्काल शुरू कराएं. बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी आयुक्त नगर निगम मेहताब सिंह गुर्जर, डीएफओ लोकेश निरापुरे, शैलेन्द्र शुक्ला, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

# कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने स्वगणना प्रक्रिया का किया शुभारंभ

## रीवा और मऊगंज में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 अप्रैल, जिले में जनगणना 2027 का कार्य आज 16 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है. कलेक्टर एवं प्रमुख्य जनगणना अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने पोर्टल पर स्व-गणना करते हुए जिले में जनगणना कार्य का शुभारंभ किया.**

उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज करें, ताकि प्रक्रिया सुगम, तेज और सटीक हो सके. इस अवधि में नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन प्रश्नावली भर सकते हैं और अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं. यह पहल जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. इस प्रक्रिया के माध्यम से परिवार के किसी भी उत्तरदाता द्वारा सुरक्षित बेव पोर्टल का उपयोग करते हुए अपने घर/कार्यालय अथवा किसी भी स्थान से ऑनलाइन अपने परिवार की जानकारी स्वयं भरने की सुविधा मिलती है. यह अधिक आधुनिक, दक्ष एवं समावेशी आंकड़ा संग्रह प्रकिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इससे नागरिकों की भागीदारी भी बढ़ेगी और डेटा संकलन की प्रक्रिया अधिक सुगम होगी. प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई से 30 मई तक कराया जायेगा. जबकि द्वितीय चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना संपन्न होगी. वही दूसरी तरफ मऊगंज में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने स्वगणना प्रक्रिया का शुभारंभ किया. जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हुआ. कलेक्टर ने जनगणना कार्य का शुभारंभ करते हुए लोगो से अपील की है कि 16 से 30 अप्रैल तक घर बैठे पोर्टल में जानकारी दर्ज कराए.